दिनांक 22 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश के दौरान कैसी हो रही है फिल्टरेशन प्रक्रिया यह जानने पहुंचे निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे अचानक फिल्टर प्लांट, सीधे प्रयोगशाला पहुंचकर पानी सैंपल की जांच की प्रक्रिया देखी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के कमिश्नर प्रकाश सर्वे आज अल सुबह 6:00 बजे 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट पहुंचे। निगम आयुक्त ने बारिश के दौरान फिल्टर प्लांट में पानी के शुद्धीकरण की जानकारी ली। उन्होंने प्रयोगशाला में देखा कि बारिश के दौरान शिवनाथ नदी से आने वाले पानी का शुद्धिकरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दिनों में टार्बिडिटी बढ़ने की संभावना होती है , जिसको देखते हुए जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने प्रत्येक जोन क्षेत्र के हैंडपंप और पावर पंप आदि जल स्रोतों से पानी का सैंपल कलेक्ट करके प्रयोगशाला में इसकी जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे, इसकी जानकारी भी निगम आयुक्त ने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के प्रयोगशाला के स्पेशलिस्ट से ली , उन्होंने कहा कि सभी जोन क्षेत्रों से पानी का सैंपल लैब में परीक्षण के लिए आना चाहिए , लैब टेस्ट के बाद परीक्षण में असफल हुए पानी का उपचार करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए हैं , वही उपचार के बाद भी पीने योग्य पानी नही आने पर इसके उपयोग बंद करने के निर्देश भी दिए हैं। नियमित रूप से प्रयोगशाला में पानी सैंपल की जांच करने उन्होंने कहा। आयुक्त ने फिल्टर मीडिया में शुद्धिकरण की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए बरसात के दिनों में भी शुद्ध पानी प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने फिल्टर प्लांट के सभी शुद्धीकरण संसाधनों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में बरसात के दिनों में भी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने का काम निगम द्वारा किया जा रहा है , बरसात को देखते हुए निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिए डटे हुए हैं। जोन क्षेत्रों से नियमित पानी की सेंपलिंग एकत्र कर परीक्षण की जा रही है , बरसात में विशुद्ध पानी पीने की वजह से जल जनित बीमारी न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता जल कार्य विभाग संजय शर्मा , उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं बसंत साहू आदि मौजूद रहे।